# रामचन्द्र सिंह मेमोरियल पी.जी. कॉलेज

(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध)

मिर्ज़ापुर, शाहजहाँपुर- 242001 (उ.प्र.)


मोबा. नं0: 8853513399






## प्रवेश विवरणिका
## PROSPECTUS

Scanned by CamScanner



स्मृति शेष

# पूज्य श्री रामचन्द्र सिंह जी

Scanned by CamScanner




## डॉ. अरविन्द कुमार

**प्राचार्य**

**रामचन्द्र सिंह मेमोरियल पी.जी. कॉलेज**

**मिर्ज़ापुर, शाहजहाँपुर (उ.प्र.)**


# दो शब्द...

प्रत्येक राष्ट्र की प्रगति ज्ञानवान, उत्साही और कर्मठ विद्यार्थी/नागरिकों पर निर्भर करती है। इतिहास साक्षी है कि प्रकृति की अपेक्षा अध्ययन के द्वारा व्यक्ति अधिक विद्वान बने हैं। इस महाविद्यालय में आप प्रवेश ले रहें हैं, आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ। विद्यार्थियों में शालीनता, अनुशासन, चरित्र एवं योग्यता आदि गुणों का समावेश करना इस महाविद्यालय का परम् आदर्श है। यहाँ छात्र–छात्राएं जीवन की सुन्दरम् और उच्चतम मान्यताओं को प्रतिबिम्बित करते हुए ज्ञान की साधना करते हैं और जीवन में सामाजिक एवं व्यक्तिगत कल्याण का समन्वय करते हुए कर्म क्षेत्र के लिए सन्निद्य होते हैं। मेरा मानना है कि आपका अतीत गौरवशाली है। आपका भविष्य और अधिक गौरवशाली एवं गरिमापूर्ण हो ऐसी मेरी अभिलाषा है।

मैं आशा करता हूँ कि आप मेरे विश्वास को बनाये रखेंगे और इस महाविद्यालय परिवार के अंग होने के साथ ही इस परिवार के सभी शिक्षक, प्रबन्ध तंत्र, अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों एवं वरिष्ठ सहपाठियों के प्रति आदर एवं निष्ठा के साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे और महाविद्यालय की गरिमा को बढ़ायेंगे।

मंगलकामनाओं के साथ।

**डॉ. अरविन्द कुमार**



Scanned by CamScanner

# संचालित पाठ्यक्रम

## बी.ए. पाठ्यक्रम

**अनिवार्य विषय** : हिन्दी भाषा या अंग्रेजी भाषा में से कोई एक अनिवार्य।

**वैकल्पिक विषय** : हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, राजनीति विज्ञान समाज शास्त्र

**प्रयोगात्मक विषय** : भूगोल, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान व चित्रकला

नोट : हिन्दी साहित्य अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत में से कोई दो साहित्यक विषय चयन किये जा सकते हैं।

## बी.एस.सी. पाठ्यक्रम

**जीव विज्ञान वर्ग** : जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान

**गणित वर्ग** : भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित

## एम.ए. (दो वर्षीय पाठ्यक्रम)

समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र

## बी.एड. (दो वर्षीय) पाठ्यक्रम

कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि विज्ञान शिक्षण विषयों के साथ।

## बी.एल.एड. (4 वर्षीय) पाठ्यक्रम

## बी.एड. (4 वर्षीय) पाठ्यक्रम

प्रस्तावित



Scanned by CamScanner

# प्रवेश प्रक्रिया

## • बी.ए., बी.एस.सी., एम.ए. में प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा ही मान्य है
## • बी.एड. व बी.एल.एड. में प्रवेश काउंसिलिंग के माध्यम से ही मान्य होंगे।

1. प्रवेशार्थी आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त करेंगे, प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर अन्तिम तिथि से पूर्व महाविद्यालय में जमा करेंगे।
2. प्रवेश हेतु प्रवेशार्थियों का साक्षातकार किया जायेगा। साक्षातकार के समय प्रवेशार्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों, अन्तिम विद्यालय द्वारा प्रदत्त स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) व चरित्र प्रमाण पत्र सहित प्रवेश समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश संस्तुत तथा हस्ताक्षर प्रमाणित करायेंगे। मूल टी.सी. तथा चरित्र प्रमाण पत्र जमा करने पर ही प्रवेश होगा। प्रवेश आवेदन पत्र के साथ ही महाविद्यालय का परिचय पत्र भी पूर्ण रूप से भरा जायेगा जो शुल्क जमा करने के साथ ही छात्र/छात्रा को प्रदान किया जायेगा। प्रवेशार्थी को प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। अनुपस्थिति की दशा में प्रवेश सम्भव नहीं होगा।
3. जिन प्रवेशार्थियों को प्रवेश स्वीकृत कर दिया जाता है उन्हें महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करना आवश्यक होगा। ऐसा न करने पर स्वीकृत प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा वरीयता क्रम में अगले प्रवेशार्थी को प्रवेश दिया जायेगा।
4. सामान्यतः विषय, वर्ग तथा संकाय परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी किन्तु विशेष परिस्थितियों में प्रवेश की अन्तिम तिथि के एक माह के भीतर ही प्राचार्य की अनुमति से उक्त परिवर्तन सम्भव होगा।
5. एक संकाय में प्रवेश न होने की दशा में वही आवेदन पत्र दूसरे संकाय के लिये उपयोग में नहीं आयेगा। यदि किसी प्रवेशार्थी को संकाय विशेष में प्रवेश की उम्मीद न हो और वह दूसरे संकाय में प्रवेश का इच्छुक हो तो निर्धारित तिथि से पूर्व ही उस संकाय में भी आवेदन पत्र जमा कर सकता है।
6. प्रवेश की घोषित अन्तिम तिथि के तुरन्त बाद महाविद्यालय सूचना पट पर समय सारिणी प्रकाशित कर दी जायेगी। तदनुसार पठन-पाठन सम्पन्न होगा।
7. प्रत्येक विद्यार्थी को अपना परिचय पत्र अपने पास सुरक्षित रखना नितान्त आवश्यक है। महाविद्यालय परिसर में बिना परिचय पत्र के प्रवेश वर्जित है।
8. परिचय पत्र का दुरूपयोग रोकने के लिए वह व्यवस्था की जा रही है कि परिचय पत्र खोने की स्थिति में सम्बन्धित विद्यार्थी इस आशय का एक आवेदन पत्र शिष्ट मण्डल के समक्ष प्रस्तुत होगा। शिष्ट मण्डल द्वारा उसकी विधिवत जांच होगी और रुपये 50 (रूपये पचास मात्र) अतिरिक्त शुल्क देने के उपरान्त ही परिचय पत्र की दूसरी प्रति निर्गत की जायेगी। किसी विद्यार्थी के पास जाली परिचय पत्र पकड़े जाने पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उस विद्यार्थी पर अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
9. परीक्षा सुधार (इम्प्रूवमेन्ट) से उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश प्रक्रिया तिथि बीत जाने के बाद किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।



Scanned by CamScanner

# अनिवार्य निर्देश

1. सूचना पुस्तिका एवं आवेदन पत्र प्राप्त करने के बाद यह सुनिश्चित कर लें कि सूचना विवरणी के साथ आवेदन पत्र संलग्न है।
2. यदि आवेदन पत्र में कोई त्रुटि हो तो उसे बिना भरे कालेज में वापस कर दूसरी सूचना पुस्तिका एवं आवेदन पत्र प्राप्त कर लें।
3. आवेदन पत्र में सभी प्रविष्टियाँ सही, स्वच्छ एवं स्पष्ट रूप से भरें, दोषपूर्ण आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने का समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक रहेगा।
5. आरक्षित श्रेणी के अभ्यार्थियों को अपना जाति प्रमाण पत्र एंव आय प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। प्रवेश आवेदन पत्र जमा होने के उपरान्त कोई भी प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जायेगा और न ही किसी श्रेणी को परिवर्तित किया जायेगा।
6. प्रवेश से सम्बन्धित आवेदन पत्र भरने या जमा करने में यदि कोई कठिनाई हो तो इस सम्बन्ध में कालेज प्रांगण में प्राचार्य एवं अन्य प्रवक्ताओं से सम्पर्क कर उक्त कठिनाई का निवारण कर सकते हैं।
7. स्नातक स्तर के अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पुनः केवल एक वर्ष के लिए भूतपूर्व छात्र के रूप में ही अर्ह रहेंगे, तत्पश्चात उन्हें अनुत्तीर्ण मानकर पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
8. स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए छात्र को उ.प्र. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त इण्टरमीडियेट परीक्षा या समकक्ष परीक्षा (10+2) में उत्तीण छात्र/छात्रायें ही प्रवेश आवेदन करने के लिए अर्ह हैं।
9. पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है।

नोट :-स्नातक प्रथम स्तर वर्ष में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय नियमानुसार अधिकतम दो वर्ष का अन्तराल ही मान्य होगा।

Scanned by CamScanner

# ध्यातव्य

1. किसी भी अभ्यर्थी को प्राचार्य बिना कारण बताये प्रवेश देने से रोक सकते हैं और दिये हुए प्रवेश को निरस्त भी कर सकते हैं।
2. किसी भी अभ्यर्थी को सामयिक छात्र/छात्रा (Casual Student) के रूप में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
3. किसी प्रकार का जमा किया हुआ शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
4. कालेज प्रांगण में मोबाइल फोन लाना व प्रयोग करना वर्जित है।
5. परीक्षा के समय मोबाइल फोन लाना वर्जित है।
6. किसी भी छात्र/छात्रा द्वारा (चाहे वह लाइसेंस धारक भी हो) किसी भी प्रकार का हथियार कालेज में लाना वर्जित है।
7. प्रत्येक छात्र/छात्रा की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
8. कालेज प्रांगण में धूम्रपाल, नशीले पदार्थ का प्रयोग, थूकना, गन्दगी करना, छिलके, पॉलीथीन, फूल तोड़ना तथा अशिष्ट भाषा का प्रयोग व व्यवहार पूर्णतया वर्जित है।
9. परीक्षा सुधार के आधार पर अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश विश्वविद्यालय के नियमानुसार किये जायेंगे।
10. छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु चीफ प्रॉक्टर से सम्पर्क करें।
11. छात्र/छात्राएं विभागीय समस्याओं के समाधान हेतु संकाय प्रभारी से सम्पर्क करें।
12. विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय परिसर में शालीन वस्त्र पहनेंगे।



Scanned by CamScanner

# महाविद्यालय पदाधिकारी

प्रबन्धक/सचिव
**श्री के. पी. सिंह यादव**
एम.ए., बी.एड., एल-एल. बी.
मो. 9415573972

डायरेक्टर
**परमेन्द्र सिंह यादव**
मो. 9415573838

प्राचार्य
**डॉ. अरविन्द कुमार**
मो. 9452555317


बी.एड. संकायाध्यक्ष
**डॉ. मनोज कुमार**
मो. 8765648558

चीफ प्राक्टर/क्रीड़ाधिकारी
**सुदीप कुमार राजपूत**
मो. 9451691728

मुख्य समन्वयक (प्रवेश)
**श्री अजय यादव**
मो. 9918274225

शैक्षिक सलाहकार
**श्री व्यास देव शुक्ला**
मो. 9889973754

कार्यालय अधीक्षक
**श्री नेत्रपाल शर्मा**
मो. 8923665076











Scanned by CamScanner



















Scanned by CamScanner

## पूज्य संत
## श्री श्री 1008 श्री स्वामी हरिदास जी महाराज



महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास
पूज्यनीय महाराज जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।


Scanned by CamScanner



महाविद्यालय परिसर



कला संकाय



बी.एड. विभाग



विज्ञान संकाय






आशीष प्रिन्टर्स, शाह0: 9956165299

# रामचन्द्र सिंह मेमोरियल पी.जी. कॉलेज

(एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध)

मिर्ज़ापुर, शाहजहाँपुर- 242001 (उ.प्र.)

मोबाइल नं0: 9415573838, 9935076662

E-mail:principal.rcsmdc@gmail.com, Website:www.rcsmdc.com

Scanned by CamScanner